## खबर संक्षेप

### भीष्म द्विवेदी को मातृ शोक, अंत्येष्टि आज



**मंडला।** पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं हरिभूमि के ब्यूरो चीफ भीष्म द्विवेदी जी की पूज्यनीय माता श्रीमती कमला देवी द्विवेदी जी का आकस्मिक निधन कल दिनांक 22 नवम्बर 2025 को हो गया है। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। अंतिम संस्कार आज सुबह 10:00 बजे देवदरा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। श्रीमती द्विवेदी जी के निधन पर हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### एंटीबायोटिक अवेयरनेस वीक का शुभारंभ

**मण्डला।** 22 नवंबर 2025 को जिला चिकित्सालय मंडला में एंटीबायोटिक सप्ताह के लिए संस्था द्वारा एंटीबायोटिक अवेयरनेस सप्ताह की जाने वाली गतिविधि की कार्य योजना अनुरूप एंटीबायोटिक अवेयरनेस वीक का शुभारंभ किया गया। थीम-ब्लू फॉर अवेयरनेस के अनुरूप चिकित्सक नर्सिंग पैरामेडिकल एवं उपस्थित अधिकारियों ने नीली लाइट जलाकर व नीली ड्रेस पहनकर जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही चिकित्सालय के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई/शिशु रोग वार्ड और मैटरनिटी विंग में प्रिसक्रिप्शन ऑडिट करके उसमें सुधार हेतु आवश्यकता एक्शन प्लान बनाया गया। सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे ने सभी चिकित्सकों को एंटीबायोटिक के सीमित उपयोग की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। आरएमओ डॉ. प्रवीण उईके ने बताया कि वायरल संक्रमण जैसे सर्दी खांसी, जुकाम आदि में इनका उपयोग नहीं करना चाहिए। अनावश्यक उपयोग से दवाओं का प्रभाव कम हो जाता है। डॉ. मोहसिन मंसूरी और डॉ. दिव्येश पटेल ने सभी से अपील की है कि बिना चिकित्सक की सलाह के एंटीबायोटिक के प्रयोग से बचें।

### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर दिए गए संगठनात्मक निर्देश

# प्रदेश महामंत्री ने बताया एसआईआर का महत्व

*** जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के गीत से हुआ। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी ने कहा कि देश में कई वर्षों तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों को दबाया गया, जिससे देश के विभिन्न हिस्सों में घुसपैठ और संदिग्ध गतिविधियाँ बढ़ीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आई भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण भले ही एक नियमित प्रक्रिया है, परंतु एसआईआर 2025 का महत्व इस बार बेहद खास है। इस अभियान में पात्र मतदाताओं को जोड़ना, दोहरी प्रविष्टियों का शुद्धिकरण करना, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को मतदाता सूची में शामिल कराना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही इस अभियान का आधार है। हमारे क्षेत्र में कौन रहता है, कौन पात्र है, किसका नाम छूट गया है इसकी सबसे सही जानकारी भाजपा के बूथ कार्यकर्ता के पास होती है। इसलिए हर कार्यकर्ता को इस अभियान को मिशन मोड में चलाना होगा। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का सबसे आधारभूत कदम है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में होना लोकतंत्र की सबसे पहली आवश्यकता है। भाजपा हमेशा सेवा और संगठन के सिद्धांत पर चलती है और एसआईआर 2025 इस सेवा भाव का बड़ा उदाहरण है। कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जागरूकता फैलानी चाहिए और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं के पंजीकरण, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता और दिव्यांगजनों के सहयोग पर जोर दिया।



एसआईआर अभियान को सफल बनाने को लेकर मंडला सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है, ऐसे में पारदर्शी और अद्यतन मतदाता सूची होना अत्यधिक आवश्यक है। एसआईआर 2025 अभियान संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करेगा। यह कार्य तभी सफल होगा जब प्रत्येक बूथ समिति अपने स्तर पर 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और पात्र नागरिकों तक पहुँच बनाएं। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर 2025 केवल निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से आती है और यह अभियान उसी शक्ति को और मजबूत करेगा। प्रत्येक मंडल, प्रत्येक बूथ और पेज समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनसंपर्क बढ़ाएँ, जागरूकता लाएँ और अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर इस महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण सफलता तक पहुँचाएँ।

## बायो फ्लॉक इकाई राम नगर में मनाया गया विश्व मत्स्यिकी दिवस



*** मत्स्यिकी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विश्व मतस्यिकी दिवस हर साल 21 नवम्बर को मनाया जाता है, उक्त परिप्रेक्ष्य में ग्राम रामनगर के प्रगतिशील मत्स्य कृषक ब्रजेश कुमार ठाकुर के द्वारा स्थापित बॉयोफ्लाक इकाई में 21 नवम्बर 2025 को विश्व मतस्यिकी दिवस का आयोजन किया गया। विश्व मतस्यिकी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना मछुआरों और मत्स्य पालन में जुड़े सदस्यों को उनके अधिकारों और आजीविका को मजबूत करना तथा जलीय परिस्थितिकी तंत्र को बचाना ताकि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे खतरों के प्रति जागरूकता पैदा करना साथ ही जलीय जीवन के भंडार को संरक्षित किया जाना यह दिन दुनियाभर में मछली पकड़ने के महत्व और जलीय संसाधन की स्थिरता से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर चर्चा करने का एक अवसर है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न मछुआ सहकारी समितियों के सदस्य, मत्स्य कृषक तथा प्रगतिशील मत्स्य कृषक तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रगतिशील मत्स्य कृषक ब्रजेश कुमार ठाकुर के द्वारा बॉयोफ्लाक की स्थापना कार्य पद्धति, मत्स्यबीज संचयन, मत्स्य फीडिंग एवं उत्पादन तथा आय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अवलोकन एवं प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया। हितग्राहियों द्वारा अवलोकन पश्चात उक्त कार्य को सराहनीय कदम बताया। साथ ही विभाग के अधिकारियों द्वारा विश्व मतस्यिकी दिवस के मनाने के पहलुओं पर विस्तार से मत्स्य कृषकों को जानकारी दी गई।

विश्व मतस्यिकी दिवस के आयोजन में ब्रजेश कुमार ठाकुर, एल.एस. शैयाम सहायक संचालक मत्स्योद्योग मण्डला, एच.के. भगत सहायक मत्स्य अधिकारी, पी.आर. वैद्य मत्स्य निरीक्षक, एस.के. भारद्वाज मत्स्य निरीक्षक, एस.के. उइके मत्स्य निरीक्षक, रामकृपाल नंदा अध्यक्ष नर्मदा मछुआ सहकारी समिति अहमदपुर, प्रकाश नंदा सचिव युवा आदिवासी मछुआ सहकारी समिति अंजनिया, चन्नूलाल नंदा अध्यक्ष ढीमर मछुआ सहकारी समिति नारा गंगौरा तथा अध्यक्ष नव ज्योति आदिवासी मछुआ सहकारी समिति जमुनियाटोला सदस्य एवं मत्स्य कृषक उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में बाल मेला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



सरस्वती शिशु हाई स्कूल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिछिया थाना की उपनिरीक्षक सुश्री रामप्यारी धुर्वे, अध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू ने मां सरस्वती जी की पूजा कर उद्घाटन का फीता काट कर बाल मेला का शुभारंभ किया बाल मेला का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना, सामाजिक कौशल और रचनात्मकता को बढ़ाना है बाल मेला में भैया बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकाने लगाई गयी जिसमें खाद्य, किराना, हरी सब्जी, खिलौना आदि प्रमुख हैं बाल मेला में शिशु वाटिका की प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गयी मेला कार्यक्रम में उपेन्द्र यादव सहायक उपनिरीक्षक, आर आर परस्ते अरूण मिश्रा अशोक नानकानी, सुमित रजक, सुगम राय, उदय सिंह उयके, किशोरी साहू, आदि उपस्थित हुए पुर्व छात्रों में किराना व्यवसाई निहाल पिपरसानियां, सोनल अग्रवाल, दिव्यांशी चंद्रोल, कुसुम गोसाईं, आस्था यादव, आदि सिरकत की मेला समापन पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आकाश चौरसिया मेला प्रभारी दीदी शकुन्तला सोनी ने बाल मेला की सफलता पर सभी आगुंतकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिव कृपा से होती है जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शिव महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का एक दैवीय दर्शन है पवित्र देवगांव संगम भूमि पर भगवान शिव की कथा का आयोजन हो रहा है, जो कि हम सभी के लिए परम सौभाग्य की बात है। यह बात पवित्र देवगांव संगम में चल रही श्रीमद् महाशिव पुराण में पं.संतोष शास्त्री पदमी वाले ने कही। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान शिव कैलाशपति, भोलनाथ एवं विश्वनाथ के रूप में पूजे जाते हैं। ऋषि, मुनि, संत और महंत भगवान शिव के गुणों का कथा वाचन कर समाज को मार्ग दिखाते हैं। भगवान शिव की कृपा से ही जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता का संचार होता है। शिव महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का एक दैवीय दर्शन है। शास्त्री जी ने कहा कि आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां सनातन धर्म का पुनर्जागरण हो रहा है। उज्जैन में महाकाल लोक का भव्य निर्माण और वाराणसी में भगवान विश्वनाथ के कॉरिडोर का विकास इसका जीवंत प्रमाण है। केदारनाथ, सोमनाथ व बद्रीनाथ का बदला हुआ स्वरूप भी सभी देख रहे हैं।

### परीक्षा | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आयोजित की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता।

# संघ एवं ऐतिहासिक विषयों पर हुये सवाल

*** जिले में कुल 2433 विद्यार्थी हुए सम्मिलित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और ऐतिहासिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिले के विभिन्न कैंपस में किया गया,मंडला नगर में उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक रूप से सम्पन्न हुई प्रतियोगिता, इस परीक्षा में संपूर्ण जिले में विभिन्न विद्यालयों और छात्रावासों से 2433 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह आयोजन छात्रों में ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना, अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करना और राष्ट्र व समाज से जुड़े विषयों की समझ को मजबूत करना वा प्रतियोगी परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना है।ऐसे आयोजन युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ राष्ट्रीय चेतना भी सुदृढ़ करते हैं। प्रतियोगिता में चयनित तीन विद्यार्थियों को अभाविप की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में एंड्रॉइड मोबाइल फोन, द्वितीय पुरस्कार के रूप में साइकिल और तृतीय पुरस्कार के रूप में स्मार्ट वाच प्रदान किया जाएगा।



इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम,वरिष्ठ पत्रकार एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल,मंडला विभाग संगठन मंत्री रामधार सिंह बैंस जी उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल, प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रिंस सिंह, नगर उपाध्यक्ष प्रबल चौरसिया, भाग संयोजक नयन यादव, राज पटेल, शांतनु राजपूत, संदीप परस्ते, आशुतोष तिवारी, मोहित नंदा, तन्मय पटेल, खुशी पटेल, तनुश्री, काजल नागिया, गोमती, मोनिका आदि कार्यकर्ता की भूमिका रही।

## सेमरखापा में रोटरी क्लब की अनूठी पहल

*** गरीब बच्चों को बांटे स्वेटर, विद्यालय में खिल उठे मुस्कान के फूल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा में शनिवार को रोटरी क्लब मंडला मेकल द्वारा आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के चेहरों पर सर्द मौसम में गर्माहट और खुशी दोनों का संचार किया। क्षेत्र के अधिकांश बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखते हैं, जो स्वेटर खरीदने में असमर्थ हैं। ऐसे में रोटरी क्लब का यह पुनीत और संवेदनशील कदम समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा। निश्चित रूप से रोटरी क्लब का यह मानवीय कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है।

प्राचार्य की पहल से शुरू हुआ सहयोग का सेतु विद्यालय में इस कार्यक्रम की शुरुआत तब हुई जब प्राचार्य कृष्ण कुमार हरदहा ने शिक्षक सनातन प्रकाश सैनी को रोटरी क्लब के सदस्यों से सहयोग प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। निर्देशों का पालन करते हुए सैनी ने रोटरी क्लब सदस्य संजय तिवारी से संपर्क स्थापित किया और विद्यार्थियों की परिस्थिति से अवगत कराया। क्लब ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बांटी गर्माहट स्वेटर वितरण कार्यक्रम रोटरी क्लब मंडला मेकल के अध्यक्ष प्रसन्न सराफ, सचिव सुरेश चौधरी,कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, संजय तिवारी, अजय खोत, अभिनाश गोयल, राकेश अग्रवाल, तथा मीडिया प्रतिनिधि श्रीकपिल वर्मा की गरिमामय उपस्थिति एवं कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से-प्राचार्य कृष्ण कुमार हरदहा, श्रीमती अनुसूईया मार्को, प्रभात मिश्रा, एहतेशाम नूर, कमलेश हरदहा, श्रीमती प्रतिभा झरिया, सनातन प्रकाश सैनी, पवन नामदेव, कविन्द्र सुरेश्वरने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। प्राचार्य का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य कृष्ण कुमार हरदहा ने रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा-"यह सहयोग केवल स्वेटर वितरण नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति स्नेह, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की उत्कृष्ट मिसाल है। समाज में ऐसे प्रयास नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करते हैं।"

**खबर संक्षेप**

## करेन्ट लगने से कृषक की मौत पर चार लाख की राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरहखुर्द के निवासी मनीष उइके कृषि संबंधित कार्य करते समय करंट लगने से उनकी बीते हुये 27 जून 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नि श्रीमती मीना बाई को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## पंचायत भवन के पास बनी हुई बगौर रैलिंग की टंकी बन सकती है बड़ी घटना का कारण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है उसके बाद प्रशासन की आंखे खुलती है तब तक निश्चित ही किसी के घर का दीपक बुझ चुका होता है, यदि प्रशासन द्वारा समय रहते ही उस सच्चाई पर ध्यान दे दिया जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम सिरसिरी में देखने मिली जहां पर बताया जाता है कि ग्राम सिरसिरी शासकीय ग्राम पंचायत भवन पास बनी हुई पानी टंकी की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां इस टंकी के ऊपर जाने वाले सिड्डी पर रूप से असुरक्षा के बीच खुली पड़ी हुई है। वही दूसरी ओर इन सिड्डियों पर किसी भी प्रकार की रैलिंग भी नही लगी हुई है, इस स्थिति में यहां पर आने वाले मासूम बच्चों को आये दिन इस टंकी की सिड़ियों पर चढ़ते हुये देखा जाता है, जिसके चलते यह अनुमान लगने से नही बच पा रहा है कि असुरक्षा के बीच खड़ी हुई यह पानी की टंकी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? मगर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है उससे अनुमान लग रहा है कि शायद बड़ी घटना का जन्म होने के बाद ही अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा भंग होगी।

## मिले हुये वर्षो पुराने सिक्के कहां हो गये गायब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सैकड़ो वर्ष पहले क्षेत्र की भूमि पर अनेक राजाओं का साम्राज्य रहा है जिसके चलते जमीन के अंदर अनेक प्रकार की खनिज सहित संपदा छिपी हुई है और जब खुदाई के दौरान सैकड़ो वर्ष पुरानी कोई सामग्री मिलती है तो वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये लगभग पांच वर्ष पहले जनपद पंचायत सांईखेड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम झांझनखेड़ा में भी देखने मिल मिली थी। जहां पर बताया जाता है कि ग्रामवासियों द्वारा गांव के समीप की गई मिट्टी की खुदाई के दौरान कुछ सैकड़ों वर्ष पुराने सिक्के मिलने के कारण यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही जहां संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाई थी तो दूसरी ओर इन सिक्कों को देखने के लिये लोगों का ग्राम झांझनखेड़ा में पहुंचने के कारण हुजूम की स्थिति बन चुकी थी? वही दूसरी ओर इस तरह ग्राम झांझनखेड़ा में वर्षो पुराने सिक्के मिलने की जानकारी वायरल होते हुये अनेक जिम्मेदार अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षणस कराते हुये काफी लम्बे क्षेत्र में खुदाई कराई गई थी? वही लगभग दो साल पहले ग्राम झांझनखेड़ा में पाये गये वर्षो पुराने इन सिक्कों को लेकर पुरातत्व से तालुक रखने वाले कुछ लोगों को कहना था कि खुदाई में मिले यह सिक्के लगभग 300 से 400 वर्ष पुराने होने का अनुमान है जो मुगल शासन काल के बताये जा रहे थें? वही खुदाई में पाये गये सिक्कों उन सिक्कों सच्चाई क्या थी इस बात का जहां क्षेत्र के लोगों को कोई पता ही नही चल पाया है तो दूसरी ओर सबाल यह भी पैदा हो रहा है कि आखिरकार वह सिक्का कहा गायब हो गये? क्या प्रशासन द्वारा इन सिक्कों के संबंध में कोई जानकारी एकत्र करने का प्रयास नही किया गया था जिसके चलते क्षेत्रवासियों में आज भी उन सिक्कों की सच्चाई जानने के लिये उत्सुकता दिखाई दे रही है?

# नलकूप विभाग की सरकारी भूमि लगातार चढ़ रही अतिक्रमण की भेंट, कालोनाईजरों से लेकर अन्य भूमाफियों द्वारा जमाये जा रहे कब्जे के बाद भी संबंधित विभाग की चुप्पी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**





इस समय देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि पर भू माफियों द्वारा लगातार कब्जा करते हुए इस भूमि को अपनी बताते हुए बेचने से नही चूक रहे है तो वही दूसरी ओर क्षेत्र में तहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लगातार हो रहे कब्जे को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका जहां संदिग्ध नजर आने से भी नही बच पा रही है। इन दिनों कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में नलकूप विभाग की शासकीय भूमि पर लगातार होते चले जा रहे अवैध कब्जे को देखते हुये भी जान पड़ रही है। क्योंकि कहा जाता है कि जब तक कोई भी व्यक्ति यदि शासकीय भूमि पर कब्जा करता है तो उसमें संबंधित विभाग के साथ साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों की बगैर मिली भगत के यह कार्य हो पाना संभव नही होता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय यहां पर देखने मिल रही है। क्योंकि जिस प्रकार से इस समय लोगों द्वारा नलकूप विभाग की भूमि चेन यानि की नाली सहित अन्य शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। इस सच्चाई को मिडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी राजस्व विभाग के साथ साथ नलकूप विभाग के अधिकारी अपनी आंखे बंद किये हुए है इससे उनकी भूमिका पर लगातार सबाल खड़े होते जा रहे है? ज्ञात हो कि गाडरवारा के नलकूप विभाग से निकली हुई शासकीय पानी की चैन नाली पर जिस प्रकार से लगातार कब्जा हो रहा है जिसको उजागर किया जाने के बाद भी जिस प्रकार से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा देखकर भी अनदेखा करना जहां चर्चा का विषय बना हुआ है? जिसका परिणाम है कि यह शासकीय भूमि हर वर्ष अतिक्रमण की भेंट चढ़ती हुई चली जा रही है। वही बताया जाता है कि 1970 के दशक में गाडरवारा तहसील क्षेत्र को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. शासन द्वारा गाडरवारा नगर में नलकूप विभाग की एक वृहद कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी। उस योजना के चलते गाडरवारा तहसील क्षेत्र में लगभग 40 गहरे नलकूपों का खनन किया गया था एवं इन नलकूपों से लोगों के खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने के लिए चेन नालियों का निर्माण करते हुए क्षेत्र की हजारों हैक्टेयर भूमि में सिंचाई का कार्य संचालित किया जाता था जिसकी सच्चाई आज भी राजस्व निकार्ड में यह भूमि म.प्र.शासन के नाम पर दर्ज होना बताया जा रहा है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो रेल्वे स्टेशन के समीप नलकूप सिंचाई विभाग की स्थापना की गई थी एवं यहां पर एक शासन द्वारा बड़ा नलकूप तैयार करने के साथ साथ किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिये नगर के मध्य से होते हुए बिजली आफिस तथा बी टी आई स्कूल के अंदर से लेकर जमाड़ा रोड तक लगभग 30 फिट चौडी नाली चेन का निर्माण करते हुए उससे पानी की सप्लाई की जाती थी, जिसके माध्यम से यहां पर सैकड़ो एकड जमीन में सिंचाई का कार्य किया जाता रहा है। मगर सन 2020 के आते आते लोगों द्वारा अपने खेतों में निजी नलकूपों का निर्माण अधिक मात्रा में करा लिया गया जिसके चलते इन नलकूपों की महत्ता कम होती गई और आखिरी स्थिति में यह शासकीय नलकूप बंद होने की स्थिति में पहुंच चुके है, जिसका परिणाम है कि इन नलकूपों से पानी सप्लाई वाली नालियों की शासकीय भूमि आज भी शासन के नाम पर दर्ज होने की स्थिति में वह म.प्र.शासन की संपत्ति के रूप में दर्ज है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नलकूप विभाग से लेकर जमाड़ा रोड तक 70 के दशक में बनी यह पानी की चैन जिसकी लंबाई लगभग 3 हजार फीट एवं चौड़ाई पानी चैन के दोनों ओर 15-15 फीट चौडी नाली आज भी शासन के नाम पर दर्ज होने के बाद भी संबंधित विभाग से लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा इस शासकीय भूमि की सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम इस तरह से देखने मिल रहा है कि इस समय यह शासकीय भूमि जहां भू माफिया व बिल्डरों की नजर में चढ़ी हुई है एवं इस 30 फुट चौड़ी नाली पर लगातार होते जा रहे अतिक्रमण को लेकर न तो नलकूप विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी जिसके चलते अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद होने के कारण जहां लोगों द्वारा या तो इस शासकीय भूमि पर बनी हुई नाली पर निर्माण करते हुए उस पर अपने भवन बना रहे है या फिर लोगों द्वारा नाली को अपने कब्जे में लेते हुए उस पर प्लांटिंक करते हुए उसे बेचा जा रहा है? यदि संबंधित व राजस्व विभाग द्वारा अपने रिकार्ड के अनुसार इस सच्चाई की जांच करता है तो निश्चित ही इस शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी तो दूसरी ओर अनेक जगहों पर नियम विरूद्व विक चुकी हुई शासकीय भूमि का खुलासा होकर बडे स्तर पर अधिकारियों की मिली भगत की पोल खुलने से नही चूक पायेगी।

## सूने रहवासी घर में अचानक भड़की आग, जेवर नगदी सहित लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक







**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** ग्राम कौड़िया में सनसनी का महौल उस समय निर्मित हो गया जब पंचायत कार्यालय के समीप एक रहवासी बंद मकान के अंदर से लोगों ने तेज धुंआ निकलते हुये देखा गया। बताया जाता है कि ग्राम कौड़िया निवासी रजनीश कौरव का पूरा रिस्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिये गये हुये थें। इस तरह बीते हुये शनिवार को अंदर घर के अंदर से जब लोगों ने आग के शोले निकलते हुये देखे गये तो ग्रामवासियों ने इसकी सूचना पुलिस थाने सहित रजनीश कौरव के परिजनों को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही जहां मौके पर गाडरवारा नगर पालिका परिषद से फायर विग्रेड मशीन ने पहुंचकर आग बुझाई गई। मगर जब तक घर के अंदर रखे हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी व अन्य प्रकार की जरूरी सामग्री के आलवा कपड़े जलकर खाक होने से नही बच पाये। इस तरह बंद घर में अचानक लगी हुई आग से जहां लाखों की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वही आग लगने के कारण अभी तक अज्ञात है। इस संबंध में पीड़ित परिजनों द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि आग लगने के कारण घर के अंदर जरूरी दस्तावेजों के आलवा इनवेटर, लगभग सत्तर हजार रूपया कीमत के कपड़े व मंगलसूत्र, चेन, अंगूठी, हार, जोधा हार, चूडी सेट, बैग कुछ मिलाकर पांच -सात लाख रूपया कीमत के जेबर वही लगभग 1 लाख रूपया नगदी, टीव्ही, कूलर, ड्रेसिंग, दीवान पलंग सहित अन्य जरूरी सामग्री पूर्णरूप से जलकर खाक होने से नही बच पाई है। पीड़ित रजनशी कौरव द्वारा अपनी जानकारी में बताया कि मैं अपने पूरे परिवार के साथ ग्राम घाट पिपरिया शादी में गया हुआ था। इस तरह घर में आग लगने की सूचना पडौड़ियों के माध्यम से मिली और जब तक हम लोग आये तब तक सबकुछ जलकर खाक हो चुका था। आग लगने के कारण अभी तक अज्ञात है। मगर इस तरह दिन दहाड़े घटित हुई आगजनी की घटना से जहां ग्राम कौड़िया में सनसनी फैलने से नही चूक पाई है।

## वीर शहीद आशीष शर्मा को नमन करते हुये श्रद्धाजंलि सभा का किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आज यदि हम सूकुन के साथ अपने परिवारों के बीच जिस तरह खुशिया मना रहे है तो वह उन वीर जवानों के चलते है जो हमारी रक्षा के लिये 24 घटे जागते हुये पेहरा देने में पीछे नही रहते है। इस तरह जब किसी वीर जवान के शहीद होने की खबर मिलती है तो निश्चित तौर से उनका परिवार तो टूटता है संपूर्ण देशवासियों की आंखों में आंसू आने से नही चूकते है। इसी लिये कहा जाता है कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले...। यह पंक्ति दिन प्रतिदिन भारत माता की रक्षा करने वाले उन वीर सपूतों के लिए चरितार्थ होती जा रही है जो कहीं ना कहीं देश की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर करते जा रहे हैं। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनों हमारे क्षेत्र के ग्राम बोहानी निवासी आशीष शर्मा जो हॉक फोर्स में नक्शलियों से मुठभेड करते हुये अपने देश के लिये जिन्दगी न्यौछावर करने में पीछे नही रहे। इनके वीरगति को प्राप्त होने की खबर से जहां संपूर्ण क्षेत्रवासियों में शोक का महौल देखने मिल रहा है। इस तरह क्षेत्र के वीर जवान द्वारा अपने देश के लिये दी गई कुर्वानी को लेकर बीते हुये दिवस नगर के नुपुर कॉनवेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में एक श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन करते हुये संस्था के छात्र छात्राओं सहित शाला परिवार द्वारा क्षेत्र के वीर सपूत आशीष शर्मा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ साथ बच्चों को देश के वीर जवानों द्वारा जिस तरह देश के सुरक्षा के लिये दी गई अपने प्राणों की आहूतियों से अवगत कराया गया।

# शैक्षिक संवाद में हुई प्रभावी गृह कार्य पर चर्चा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में प्रतिमाह शनिवार को होने वाले शैक्षिक संवाद का आयोजन चीचली तथा साईखेड़ा विकास खंड के सभी जन शिक्षा केदो में पर किया गया। बताया जाता है कि उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के शैक्षिक संवाद का अवलोकन कर संबोधित करते हुए बीआरसी डी के पटेल ने माध्यमिक शाला के शैक्षिक संवाद के विषय प्रभावी गृह कार्य तथा प्राथमिक विद्या विभाग के विषय एफएलएन कक्षाओं में मल्टीग्रेड, मल्टी लेवल शिक्षण और संख्या ज्ञान कौशल का विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शैक्षिक संवाद के प्रभारी सत्यम ताम्रकार तथा सहजकर्ता मन्ना लाल पटले, धीरज जसाठी, दीपक मेहरा,लेखराम गौतम, तखत सिंह विश्वकर्मा द्वारा पिछले संवाद के पोस्ट वर्क, प्रतिभागियों की अपेक्षाएं, संवाद के उद्देश्य एवं डिजाइन, शिक्षक संदर्शिका के उपयोग पर चर्चा करते हुये उन्होंने ईएलपीएस तकनीक, कक्षा प्रबंधन, सक्रिय सहभागिता, पोस्ट वर्क तथा फीडबैक पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार साईंखेड़ा ब्लॉक के जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन गाडरवारा के ग्राम बगदरा में हुए शैक्षिक संवाद में भी जनशिक्षक द्वय बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान, संजय अवस्थी एवं सचिन लहरिया ने शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। उल्लेखनीय है कि विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, कठौतिया, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालेचौका, बारहाबड़ा, कठौतिया तथा साईखेड़ा विकास खंड के आमगांवछोटा, आदर्श, बम्होरी कला, पलोहाबड़ा, बनवारी, जन शिक्षा केंद्र में भी शैक्षिक संवाद का आयोजन जनशिक्षकों तथा सहजकर्ताओं द्वारा किया गया।

# कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अचानक पहुंचकर एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 121 गाडरवारा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण शनिवार को अचानक पहुंचकर किया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने बीएलओ, सहायक दल और ऑनलाइन फीडिंग कार्य में लगे डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को एसआईआर के कार्य में गति लाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे, तहसीलदार नितिन राय सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थें। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 105 जगदीश वार्ड, मतदान केन्द्र क्रमांक 62 व 63 ग्राम कामती मतदान केन्द्र क्रमांक 157 वार्ड सहित अन्य मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ के द्वारा फील्ड पर गणना पत्रकों के कलेक्शन एवं डिजिटलाइजेशन के कार्य को देखते हुये निर्देश देते हुए कहा बीएलओ प्रतिदिन अधिक से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन करें और कार्य में प्रगति लाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस कार्य की सघन मॉनिटरिंग करें। उक्त सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ को निर्देशित किया गया कि डिजिटलाइजेशन में तीव्र गति से कार्य करें। साथ ही बीएलओ के कार्य में नियुक्त पटवारी, सचिव, जीआरएस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, आशा कार्यकर्ता सहित दल के अन्य सदस्यों को आवश्यक सहयोग करने और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुये एसआईआर में ऑनलाइन फीडिंग के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को भी आवश्यक निर्देश दिये गये है।

## नगर में पार्किंग और गंदगी की समस्याओं से लेकर लोग परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



हर स्थानों पर विकास हो रहा है फिर भी आज भी शहर नियोजित विकास के लिए तरस रहा है,समस्याओं का निराकरण हर जगह खानापूर्ति से ज्यादा कुछ नही होता है, यूं तो निरंतर विकास की ओर अग्रसर इस शहर में कुछ समस्याएं अब स्थायी हो गई है, क्षेत्र का विकास तो गया लेकिन यहां की समस्या कब समाप्त होगी हमेशा यही प्रश्न सामने आता है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर में पार्किंग की समस्या विकराल रूप लेकर सामने दिखाई पड़ रही है। क्योंकि लोगों के जहां मन चाहे वही वाहन खड़ा कर आराम से गप्पे हांकतें दिखाई देतें है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के साथ अब पार्किंग की समस्या पैदा होने लगी है, बाजार हो या आम रास्ता जहां जगह मिले वही वाहन खडें कर दिये जातें है, बेतरतीब ढंग से खड़े रहतें वाहन यातायात को भी प्रभावित करतें है, शहर के विकास में पार्किंग सुविधा को महत्व नही देने से यह समस्या बढ़तें जा रही है। वही दूसरी ओर यदि नगर के एक मात्र बस बस स्टैंड की बात की जावे तो जो यात्री के लिए बना हुआ है। यदि वहां पर देखा जावे तो उसका स्वरूप ही बदल गया यह एक व्यावसायिक केन्द्र बन कर रह गया है जहां यात्रियों को सुविधा की बजाए ढेरों मुसीबतों से जूझना पडता है। यहां यात्रीयों को सुविधाओं के लिए पीने का पानी, अच्छी बैठक व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्थाओं की कमी सदा ही देखने मिलती है है, स्थिति यहां तक देखने मिली है कि यहां तो गाड़ियों की पार्किंग मनमाने ढंग से की जाती है, मानों उन्होने बस स्टैंड को ही घर बना लिया हो और जहां मर्जी आए वहां गाड़ी खड़ी कर देतें है, वही यात्री प्रतीक्षालय के सामने लगने वाली फुटपाथ दुकानों से भी यात्री परेशान होतें है। वही दूसरी ओर होटलों पर गौर किया जावे तो खुले खाद्य पदार्थ, गंदगी, पीने के पानी में कचरे जैसी व्यवस्था होटलों में आम बात हो गई है।

# कौड़िया शमशान घाट क्षेत्र बना असामजिक तत्वों का अड्डा

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।**



जहां शासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवसथा कायम रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश जारी करते हुए लगातार गस्त करने के लिये निर्देशित किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पुलिस की गस्त व्यवसथा दुरूस्त न होने का परिणाम है कि ग्राम कौड़यि का शमशान घाट क्षेत्र में शाम होते ही आसामजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में जहां देर रात तक शराबियों का बोलबाला रहता है? वही यहां पर अनेक रंगीन मिजाज के लोगों के एकत्र होने के कारण अनेक प्रकार के अश्लील दृश्य भी देखने मिल रहे है..? जिसमें बताया जाता है कि मनचलों द्वारा कुछ बाहरी मनचले किस्म के महिलाओं व पुरूषों का जमावड़ा लगा रहे से पूर्णरूप से इस क्षेत्र को अपनी अश्लीलता का क्षेत्र बनते हुए दिखाई देने लगा है। ज्ञात हो कि इस जगह से ही गाडरवारा करेली मार्ग लगा होने के कारण इस मार्ग से देर रात तक लोगों का निकलना लगा रहता है। वही दूसरी ओर महिलाओं का भी आना जाना बना रहने के कारण जब इस प्रकार के कृत्य चलते है तो यहां से निकालने वाले लोगों सहित यहां पर रहने वाले सभ्य परिवार के लोगों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? वही दूसरी ओर सड़क मार्ग से निकलने वाली महिलाओं के साथ भी यहां पर मौजूद रहने वाले आसामजिक तत्वों द्वारा छीटाकशी करने से नही चूकते है जिसके चलते महिलाओं को इस क्षेत्र से गुजरना दुभर होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगो द्वारा पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की गई है कि शाम के समय शमशान घाट क्षेत्र में बिगड़ रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां पर अपनी गस्त व्यवस्था चौकस की जावे, जिससे ग्राम व क्षेत्र की शांति व्यवसथा भंग होने से बच सके।

**खबर संक्षेप**

### चचाई में श्री सत्य सांईबाबा का 100 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** विद्युत नगरी चचाई में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा श्री सत्य साईं बाबा के 100 वे जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र में 23 नवंबर दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुबह 10:00 बजे दीप प्रज्वलन, ओमकारम वेद पाठ, भजन, सर्वधर्म प्रार्थना वहीं दोपहर 12:30 बजे से महामंगल आरती के बाद दोपहर 1:00 बजे से महाप्रसाद (भंडारा) नारायण सेवा एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अभियंता तनवीर अहमद अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय देव सहित विद्युत नगरी के सत्य साईं बाबा के भक्तगण उपस्थित रहेंगे।

### क्षेत्र में चोरी का बढ़ता आतंक, श्रीकांत शुक्ला ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**हरिभुमि न्यज बदरा/जमुना।** जमुना कोतमा क्षेत्र में पिछले छह महीनों से चोरी की बढ़ती घटनाओं ने स्थानीय निवासियों और कर्मचारियों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। आवासीय कॉलोनियों से लेकर खदान परिसर और फिल्टर प्लांट तक लगातार हो रही वारदातों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासी श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि राजेश शर्मा के घर हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी गई थी, जिसमें आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे, फिर भी अब तक खुलासा नहीं हो सका। इसी तरह भालूमाड़ा टाउनशिप में नीता दास और शशि सोनी के घर लाखों की चोरी हुई, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। जमुना टाउनशिप में विद्या सिंह और हाल ही में कार्मिक अधिकारी सत्यप्रकाश के घर भी चोरी की घटनाएं घटीं खदानों और वर्कशॉप, फिल्टर प्लांटों में रोजाना चोरी की घटनाओं से कंपनी को लगातार आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। स्थिति से नाराज होकर संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोतमा को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में चोरी पर नियंत्रण और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की है। श्रीकांत शुक्ला ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो थाना भालूमाड़ा के सामने क्रमिक अनशन और बड़ा धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने क्षेत्र के सभी कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आंदोलन में सहयोग देकर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल करने में योगदान दें।

### रेलवे जंक्शन अनूपपुर बना कुत्तो व पशुओं का अड्डा, जिम्मेदारों की अनदेखी जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे जंक्शन अनूपपुर का परिसर इन दिनों आवारा कुत्तो और बेसहारा मवेशियों का स्थायी ठिकाना बन गया है। स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही के बीच इन जानवरों की मौजूदगी से आए दिन अव्यवस्था और डर का माहौल बना रहता है। यात्री जहां ट्रेनों के आने-जाने के दौरान जल्दबाजी में प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए कुत्तों और मवेशियों का झुंड अचानक सामने आ जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। सुबह और शाम के समय प्लेटफॉर्म पर कुत्तो के झुंड देखे जा सकते हैं जो यात्रियों के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। कई बार छोटे बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को कुत्ते डराने या भौंकने लगते हैं। दूसरी ओर, बेसहारा गाय-बैल स्टेशन परिसर, पार्किंग स्थल और प्रवेश द्वार के पास आराम फरमाते नजर आते हैं। इन जानवरों के कारण परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। मवेशियों द्वारा जगह-जगह फैलाई गई गंदगी और मल-मूत्र से वातावरण दूषित हो रहा है। रेलवे प्रशासन की ओर से इन पर रोक लगाने की कोई ठोस पहल नहीं दिखती।

**लोगों की मांग, जिम्मेदार विभाग करें समाधान-** स्थानीय नागरिकों और यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर रोजाना हजारों यात्री गुजरते हैं, ऐसे में जानवरों की उपस्थिति से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बेसहारा मवेशी पार्किंग स्थल में खड़ी दोपहिया और चारपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचा देते हैं।

# भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने एसआईआर को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक को किया संबोधित

**- प्रथम जिला आगमन पर हुआ भव्य स्वागत**





डिंडौरी।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डिंडोरी में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी के एसआईआर कार्यक्रम के प्रवास को लेकर आयोजित बैठक में उनके प्रथम नगर आगमन पर जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया।बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया मतदाता सूची को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रतिदिन अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाकर उन मतदाताओं की जानकारी जुटाएं जो कार्य के सिलसिले में बाहर हैं, जिनका निधन हो चुका है या जिनके नाम दो जगहों पर दर्ज हैं। ऐसे मामलों की सूचना निर्वाचन आयोग को देकर मतदाता सूची को शुद्ध किया जाए, ताकि वास्तविक मतदाता ही शामिल रहें।उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। संगठन का विस्तार, कार्यक्रमों की सफलता और जनता का विश्वास कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सेवा भावना पर निर्भर करता है। एसआईआर अभियान में पूर्ण निष्ठा से जुड़े और जनता के भ्रम को दूर करते हुए सत्य जानकारी प्रदान करें।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कार्यकर्ताओं से 4 दिसंबर तक चलने वाले एसआईआर अभियान में पूरी तत्परता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया किसी का नाम काटने के लिए नहीं, बल्कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए है। विपक्ष द्वारा फैलाए जाने वाले भ्रम का तथ्यों के साथ जवाब दें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं आभार व्यक्त जिले के महामंत्री सुधीर तिवारी ने किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, आईटी संयोजक राहुल पांडे, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



डिंडौरी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा बैठक की गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के द्वारा जिले में ग्रेवियन संरचना, तालाब निर्माण, चैक डैम, स्टाप डैम, खेत तालाब, मेढ़ बंधान एवं उत्पादन प्रणाली में कलस्टर आधारित सब्जी उत्पादन, सोलर लिफ्ट ऐरिगेशन इकाई, स्प्रिंकलर सिस्टम, प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धक, सब्जी, मछली उत्पादन, वृक्षारोपण, पंप शीड्स, स्टैकिंग सामग्री किसानों हेतु शासन की योजना से लाभान्वित कराना उद्देश्य होता है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान विभागीय अधिकारी, सब इंजीनियर, ब्लाक समन्वय को समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कहा कि ऐसे लघु कृषक एवं मध्यम कृषक को शासन की शर्तों के अनुसार पात्र किसानों को शासन की योजना से लाभान्वित किया जाए।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जिला प्रभारी को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान आप अपने स्थापित इकाई मेढ तालाब, खेत तालाब, मछली उत्पादन, सब्जी उत्पादन आदि इकाईयों को जरूर दिखाएं। कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह एवं लघु कृषक को शासन की अनुदान राहत योजना के माध्यम से जोडकर उन्हें अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को भुगतान कराने में सहयोग प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, वाडरशेड प्रभारी स्टीफन इक्का, सब इंजीनियर, ब्लॉक समन्यक सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

## जिला पेंशन फोरम की बैठक सम्पन्न

डिंडौरी।



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेंशन फोरम की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला मुख्य पेंशनर संघ, कर्मचारी संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक पेंशन से जुड़े विभिन्न लंबित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं सभी विभाग प्रमुख को सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी शिक्षक, कार्यालयीन स्टॉफ के लंबित पेंशन प्रकरण एवं होने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों के दस्तावेज पूर्व से तैयार कर लिए जाएं ताकि सेवानिवृत्त के दिन संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को समस्त दस्तावेज प्रदाय किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वृद्धा पेंशन, पारिवारिक पेंशन सहित सभी प्रकार के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनधारक शासकीय सेवकों के हित सर्वोपरि हैं और किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

बैठक में साकेत नगर, हंसनगर में पेयजल, नर्मदा नदी पार बसाहट का नाम परिवर्तन, पेंशनरों के कार्यालय भवन निर्माण, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के अवकाश नकदीकरण एवं पेंशन वितरण में विलंब की मांग रखी जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी को समस्या का निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जिला पेंशन अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, जिला पंचायत के प्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग, नगर परिषद अधिकारी, ऊर्जा, शिक्षा, राजस्व, वन, खाद्य विभाग के अधिकारी, विकास खंड, जनपद एवं तहसील कार्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसआईआर में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ का किया सम्मान



डिंडौरी।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र की प्रगति की वी.सी. के माध्यम से समीक्षा किया। इस दौरान कलेक्टार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ तहसीलदार / नायब तहसीलदार / मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा कर प्रतिदिन लगभग 15 प्रतिशत फार्मो का डिजीटाईजेशन किये जाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डिण्डौरी ने मतदान केन्द्र क्र. 26 के बी.एल.ओ. कांत कुमार मार्को एवं मतदान केन्द्रच क्रमांक 138 के बी.एल.ओ. विश्नू सिंह मरकाम को 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया, साथ ही कार्य की प्रशंसा की। उन्होनें दोनों विधानसभा क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाए।

## आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं के साथ बीएलओ करेंगे एसआईआर आदेश जारी

डिंडौरी।



फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को समय सीमा में पूरा करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डिंडौरी द्वारा दो अहम आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के निर्देशों के अनुसार जिले में 25 नवंबर 2025 तक कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। इसी के तहत बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरने तथा उपलब्ध गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य लगातार जारी है।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एसआईआर कार्य में जोड़ा गया**

आदेश क्रमांक 882 के अनुसार जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ के साथ मिलकर गणना पत्रक वितरण और डिजिटाईजेशन कार्य में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में प्रगति लाने के लिए जिम्मेदार होगी।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा परियोजना अधिकारियों को इस कार्य की निगरानी (मॉनिटरिंग) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**आशा कार्यकर्ताओं को भी मिलेगा दायित्व**

दूसरे आदेश क्रमांक 883 के तहत जिले की सभी आशा कार्यकर्ताओं को भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शामिल किया गया है। आशा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ घर-घर सर्वे एवं गणना पत्रक डिजिटाईजेशन में सहयोग करेंगी।इस कार्य की निगरानी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

**कलेक्टर ने दिए निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है और निर्धारित समय सीमा में इसकी पूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी संबंधित कर्मचारियों को आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक बगिया मां के नाम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

डिंडौरी।



दीनदयाल अंत्योदय योजना राज ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड करंजिया में मनरेगा एवं आजीविका मिशन के समन्वय से एक बगिया मां के नाम परियोजना अन्तर्गत हितग्राहियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत सभागार करंजिया में 11:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण में हितग्राहियों ने भाग लिया प्रशिक्षण में पहुंचे हितग्राही श्रीमति नानबाई धुर्वे ग्राम रूसा द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण से हमे बहुत सी जानकारी मिली है और बताए गए अनुसार हम सभी दीदी पौधे लगाएंगे और अपनी आजीविका बढ़ाएंगे ये बगिया मां के नाम समर्पित है इसकी हमसब सुरक्षा करेंगे ग्राम विक्रमपुर के समूह सदस्य श्रीमती उर्मिला बाई ने कहा कि हम पौधों के समय से खाद पानी देंगे। एपीओ मनरेगा रावत सर द्वारा समूह दीदियों को लगन एवं कड़ी मेहनत के साथ पौधे लगाने एवं सुरक्षित कर एक वृक्ष बनाने आप सभी की परिवार में आमदनी बढ़े पर्यावरण संरक्षित होगा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दिए, सहयोगी संस्था प्रदान से दीवा मेडम जी द्वारा पौधे लगाने की तकनीकी जानकारी के साथ पौधे एवं जैविक खाद के महत्त्व व सहायक यंत्री संदीप शुक्ला जी द्वारा गड्ढे की आकर एवं फेंसिंग की जानकारी एपीओ मनरेगा रावत जी द्वारा बिल,मजदूरी एवं भुगतान प्रक्रिया टीएस एएस, एवं अन्य तकनीकी जानकारी दिया गया ब्लॉक प्रबंधक मोती सोनवानी द्वारा बताया गया कि हितग्राहियों का सर्वे सीपरी ऐप के माध्यम से कृषि सीआरपी द्वारा 275 हितग्राहियों का सर्वे किया गया जिसमें 102 हितग्राहियों का चयन हुआ है आजीविका मिशन अंतर्गत समूह दीदियों को समूह के माध्यम से आर्थिक सहायता भी दिया जा रहा है विभागों से समन्वय कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है कृषि सीआरपी द्वारा हितग्राहियों को सहयोग एवं तकनीकी सहायता भी एक बगिया मां के नाम में हितग्राहियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण उपरांत 30 हितग्राहियों को 450 पौधे ग्राफ्टेड दशहरी आम के वितरण किया गया हितग्राहियों द्वारा बताया गया कि मनरेगा योजना से गड्ढे खुदाई के कार्य पूर्ण कर लिया गया है इससे हमें रोजगार भी प्राप्त हुआ है हमे खुशी है कि सरकार हमारे लिए अच्छी योजना लाई है इसके अलावा रखरखाव सुरक्षा एवं पौधे लगाने की विधि खाद आदि के प्रयोग के बारे में विस्तार पूर्वक सहयोगी संस्था प्रदान से सुश्री दीवा द्वारा जानकारी दी गई प्रशिक्षण में एपीओ मनरेगा रावत, हरीश श्रीवास्तव बीसी आकांक्षी ब्लॉक, एवं विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन करंजिया सुश्री मोती सोनवानी सहा विकासखंड प्रबंधक शिवमंगल सिंह, दिनेश कुरूम क्रषि सीआरपी टीम उपस्थित रहे। सभी के द्वारा हितग्राहियों को आवश्यक तकनीकी जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया गया प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

### कलेक्ट्रेट मार्ग की दुर्दशा, जर्जर सड़क पर उखड़ी गिट्टी, बाहर आने लगी सरिया

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली और खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुका है। दर्जनों विभागों से जुडऩे वाली यह सड़क अब लोगों के लिए परेशानी और जोखिम दोनों का कारण बन गई है। सड़क के अनेक हिस्सों में गिट्टी पूरी तरह उखड़ चुकी है, वहीं जगह-जगह सरिया बाहर निकल आई है, जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों तथा पैदल राहगीरों को गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। यह मार्ग ज्यादा उपयोग होने वाला रास्ता है, जहां से रोजाना हजारों लोग कलेक्ट्रेट कर्मचारी, आम नागरिक, शिकायतकर्ता, विद्यार्थी, बुजुर्ग और महिलाएं गुजरते हैं, लेकिन लंबे समय से न तो इस सड़क की मरम्मत की गई है और न ही यहां किसी तरह का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। सड़क की औपचारिक मरम्मत के नाम पर केवल अस्थायी लेप लगाए गए, जो कुछ ही दिनों में उखड़कर वापस गड्ढों में बदल गए। अब हालात इतने खराब हो चुके हैं कि उखड़े हिस्सों से सरिया तक दिखने लगे हैं।

## अनुग्रह राशि में धांधली, कंप्यूटर ऑपरेटर ने 4 लाख लौटाए फिर भी दर्ज हुई




डिंडौरी।

जनपद पंचायत समनापुर में पदस्थ डाटा एंट्री कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कूटरचित तरीके से अनुग्रह सहायता राशि अपने व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित करने का मामला प्रकाश में आया है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के तहत हितग्राही को देय 6 हजार रुपये अंत्येष्टि सहायता और 4 लाख रुपये अनुग्रह सहायता राशि लाभार्थी को न देकर आरोपी ऑपरेटर ने अपने खाते में जमा कर ली थी।प्रकरण की विभागीय जांच के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समनापुर द्वारा गुरुवार को पुलिस थाना समनापुर में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 एवं 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। गौरतलब है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी के निर्देश पर आरोपी ऑपरेटर ने गबन की गई 4 लाख रुपये की राशि 10 नवंबर 2025 को जनपद पंचायत के एकल खाते में वापस जमा करा दी है। इसके बावजूद प्रशासन ने इस कृत्य को गंभीर वित्तीय अनियमितता और आपराधिक कृत्य मानते हुए पुलिस कार्रवाई की पहल की है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही 8 पेटी शराब जप्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सुआताला पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए शराब जप्त की है जिसकी कीमत लगभग 41000 बताई जा रहीहै। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुआताला पुलिस ने आरोपी जगदीश धुर्वे निवासी जिला जबलपुर के पास से 6 पेटी देशी प्लेन एवं 2 पेटी देशी मसाला शराब जप्त की (कीमत लगभग 41 हजार रूपये) है। आरोपी के खिलाफ थाना सुआतला अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही करते हुए धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### एड. पटैल जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला विकास सलाहकार समिति में एड. लीलाम्बर सिंह पटैल की नियुक्ति पर अधिवक्तागण ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास में अधिवक्ता की भूमिका से निश्चित ही नये आयाम स्थापित होंगे और अधिवक्ताओं की सहभागिता भी जिले के विकास में परिलक्षित होगी। श्री पटैल पूर्व में मण्डी डायरेक्टर नरसिंहपुर और जिला अधिवक्ता संघ में सचिव के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। श्री पटैल की नियुक्ति पर अधिवक्तागण रमेश नेमा, सी.पी. पटैल, संतोष तिहैया, अरूण चैधरी, अरिमर्दन पटैल, सुनील साहू, अवधेश शर्मा, पंकज वर्मा, धर्मेन्द्र ममार, लालसाहब पटैल, शरद शर्मा, हीरालाल कोरी, के.के. विश्वकर्मा, उमेश शर्मा, प्रीतम सिंह पटैल, उमेश नेमा, प्रभात नेमा, संजय नेमा, लखन सोनी, ए.एम. खान, कमलेन्द्र जाट, दिनेश कोष्टी, अजय मालवीय, निरंजन पटैल, संदीप नेमा, शिवम साहू सहित अनेक अधिवक्तागणों ने बधाईयां देकर हर्ष व्यक्त किया है।

### अधीक्षण अभियंता ने की समाधान योजना की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म. प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता अमित चैहान ने प्रदेश शासन की समाधान योजना को लेकर डांगीढाना वितरण केन्द्र का शनिवार को ओचक निरीक्षण किया गया। नरसिंहपुर व्रत अधीक्षण अभियंता ने डांगीढाना वितरण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान समाधान योजना अंतर्गत 6450 उपभोक्ताओं पर 2 करोड़ की राशि बकाया पर 28 लाख रुपए का अधिभार में छूट मिल रही है।

## ट्वीट पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई

# कांग्रेस युवा नेता की गिरफ्तारी ने बढ़ाई सियासी गर्मी



### कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटैल ने चेताया अब आंदोलन होगा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में कांग्रेस के युवा नेता मंजीत घोषी की गिरफ्तारी ने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है। यह गिरफ्तारी भाजपा-शासित प्रदेश में उस पोस्ट के बाद हुई है, जिसमें मंजीत ने बिहार में वोट चोरी का आरोप लगाया था। मंजीत घोषी के खिलाफ दिल्ली और राजस्थान में भी एफआईआर दर्ज की गई थी। गिरफ्तार होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नरसिंहपुर के एसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए हैं। जबकि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतु पटवारी ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ और अलोकतांत्रिक करार दिया है। मंजीत घोषी हाल ही में राहुल गांधी से भी मिले थे और कांग्रेस युवा मंच में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके गिरफ्तार होने की खबर से क्षेत्रीय राजनीति में सियासी उठापटक तेज हो गई है और यह देखने की बात है कि पुलिस और पार्टी आगे क्या कदम उठाते हैं।मंजीत के भाई लक्ष्मीकांत घोषी ने बताया कि पुलिस अचानक घर आई और मंजीत को अपने साथ ले गई। उन्हें गिरफ्तारी का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया।

### अलोकतांत्रिक कार्रवाई पर प्रदेश कांग्रेस की प्रतिक्रिया -

मध्यप्रदेश एनएसयूआई के इस युवा नेता का नाम कुछ माह पहले ही सुर्खियों में आया था, जब उनकी राहुल गांधी से करीब चार घंटे की गहन चर्चा हुई थी।मंजीत घोषी सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय हैं और मध्यप्रदेश के किसानों, दलितों तथा बेरोजगार युवाओं के मुद्दों पर आवाज उठाते रहते हैं।कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतु पटवारी ने कहा कि मंजीत घोषी के खिलाफ की गई गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक और निंदनीय है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी केवल एक ट्वीट के संदर्भ में की गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि वोट चोरी की बात उजागर होने से बीजेपी बौखलाई है और सरकार विपक्ष की आवाज दबाने पर उतर आई है। वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने नरसिंहपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मंजीत घोषी की हर संभव मदद करें।

### दिल्ली-राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई -

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के कुकवारा ग्राम के मंजीत घोषी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर (एक्स) पर पोस्ट किए गए ट्वीट के बाद दिल्ली और राजस्थान पुलिस ने उन पर मामला दर्ज किया।सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब सात बजे पुलिस ने मंजीत घोषी को उनके घर से गिरफ्तार किया और उन्हें दिल्ली ले गई। गिरफ्तारी के कारणों के बारे में फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है, लेकिन यह सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट से जुड़ा बताया जा रहा है। मंत्री स्तर के अधिकारी और पुलिस सूत्रों ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई और पूछताछ के लिए उन्हें विभिन्न जगहों पर बुलाया गया।



### कांग्रेस का विरोध और धरना प्रदर्शन -

मंजीत घोषी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटेल, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल,लाखन सिंह पटेल और जनपद उपाध्यक्ष कन्छेदी पटैल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे।कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने इस मामले को अब न्यायिक दौर में ले जाने का निर्णय लिया है। इसके बाद नरसिंहपुर में जारी धरना अस्थायी रूप से स्थगित किया गया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटेल ने कहा कि दिल्ली और राजस्थान पुलिस द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कांग्रेस कार्यकर्ता को उठाना गंभीर मामला है। गिरफ्तारी का कारण स्पष्ट नहीं किया गया। जब तक हमारा कार्यकर्ता घर नहीं लौटता, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। यदि कार्रवाई करनी है तो बड़े नेताओं पर की जाए, न कि एक छोटे कार्यकर्ता को निशाना बनाया जाए। कांग्रेस कार्यकर्ता मंजीत घोषी को दिल्ली पुलिस द्वारा पटियाला कोर्ट दिल्ली में पेश किए जाने की खबर प्राप्त हुई है। वहीं प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस ने दो दिन की रिमांड माँगी थी, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया है।

### इनका कहना है -

मंजीत घोषी के खिलाफ पहले से दर्ज एफआईआर के तहत गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा, दिल्ली और राजस्थान पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया और पूछताछ के तहत उन्हें अपने साथ लिया है। हम सभी प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं।

**संदीप भूरिया (एएसपी) नरसिंहपुर**

कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के अनुसार नरसिंहपुर की यह लड़ाई अब न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ेगी। प्रदेश से दिल्ली तक यह लड़ाई लड़ी जाएगी। इस निर्णय के बाद नरसिंहपुर में जारी कांग्रेस का धरना अस्थायी रूप से स्थगित किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने कहा कि जब तक हमारा कार्यकर्ता वापस घर नहीं लौटता, हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

**श्रीमति सुनीता पटेल (जिला अध्यक्ष कांग्रेस )**

## मतदान केन्द्र उसराय और बरांझ में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण, किया गया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में मैपिंग एवं गणना पत्रकों का बीएलओ एप पर ऑनलाइन फीडिंग करने का कार्य लगातार जारी है। वर्तमान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को बीएलओ एप पर ऑनलाइन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में एसआईआर के अंतर्गत जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गाडरवारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 27 उसराय में शतप्रतिशत पूर्ण होने पर और मतदान केन्द्र क्रमांक 33 मोहड़ में 96.66 प्रतिशत उत्कृष्ट कार्य होने पर एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती ब्यारे ने बीएलओ को माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 176 बरांझ में शतप्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 178 मनकवारा में 91.14 प्रतिशत व मतदान केन्द्र क्रमांक 169 नयागांव में 94.46 प्रतिशत और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 18 कलमेठा में 90.89 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 246 पिपरिया में 93.25 प्रतिशत व मतदान केन्द्र क्रमांक 83 सगौनीकलां में 95.84 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

## एसआईआर के तहत गणना पत्रकों की ऑनलाइन फीडिंग के कार्य का अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले करेली के नगरीय निकाय में विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य का निरीक्षण शनिवार को किया। उन्होंने इमलिया के मतदान केंद्र क्रमांक 99 व 100, मतदान केंद्र क्रमांक 103 सुभाष वार्ड, मतदान केंद्र क्रमांक 121 महात्मा गांधी वार्ड और मतदान केंद्र क्रमांक 122 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत नरसिंहपुर तहसील के 126 मतदान केंद्रों से प्राप्त मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना पत्रकों की ऑनलाइन फीडिंग के कार्य का अवलोकन नगर पालिका नरसिंहपुर के सभागार में किया। उन्होंने एसआईआर के कार्य की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मणिन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर मौजूद थे जिले में सभी तहसील और जनपद मुख्यालय पर ऑपरेटर के माध्यम से रात्रि की शिफ्ट में ऑनलाइन फीडिंग करवाई जा रही है।

## उचित मूल्य दुकानों की जांच के लिए जांचकर्ता अधिकारियों के बीच रोस्टर जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न सामग्री के वितरण के पर्यवेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने मप्र सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत जिले में संचालित उचित मूल्य दुकानों एवं निर्गम केन्द्र (खाद्यान्न प्रदाय केन्द्र) की जांच के लिए सक्षम जांचकर्ता अधिकारियों के बीच जांच रोस्टर जारी किया है। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत न्यूनतम 5 उचित मूल्य दुकान और एक खाद्यान्न प्रदाय केन्द्र का प्रतिमाह निरीक्षण करेंगे। उपायुक्त सहकारिता और संबंधित तहसीलदारः नायब तहसीलदार अपने- अपने प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत न्यूनतम 10 उचित मूल्य दुकान और 2 खाद्यान्न प्रदाय केन्द्र का प्रतिमाह निरीक्षण करेंगे। संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान संख्या का एक तिहाई उचित मूल्य दुकान का प्रतिमाह और सभी प्रदाय केन्द्रों का प्रतिमाह निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा सहकारिता विभाग के सहकारिता विस्तार अधिकारीः वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक सहकारिता निरीक्षक समिति प्रशासक (सहकारिता विभाग के उपरोक्त सभी उप अंकेक्षक से निम्न श्रेणी का न हो) प्रभार क्षेत्र अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान संख्या का एक तिहाई उचित मूल्य दुकान का प्रतिमाह और सभी प्रदाय केन्द्रों का प्रतिमाह निरीक्षण करेंगे।

उपरोक्त अधिकारी कर्मचारी आवंटित लक्ष्य अनुसार प्रतिमाह उचित मूल्य दुकान एवं खाद्यान्न प्रदाय केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य सम्पादित करेंगे। खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता विभाग के उक्त रोस्टर सहकारिता विभाग के सहकारिता विस्तार अधिकारी वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक सहकारिता निरीक्षक समिति प्रशासक (सहकारिता विभाग के उपरोक्त सभी उप अंकेक्षक से निम्न श्रेणी का न हो) के अनुसार अधिकारी कर्मचारी अपनी प्रभार क्षेत्र अंतर्गत जांच रोस्टर अनुसार ऐसी जांच कार्यवाही करेंगे कि प्रत्येक 3 महिने में प्रभार क्षेत्र अंतर्गत शतप्रतिशत उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण पूर्ण कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान एवं खाद्यान्न प्रदाय केन्द्रों में अनियमिताएं पाए जाने पर मप्र सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के प्रावधानों के तहत प्रकरण निर्मित कर संबंधित दुकान आवंटन प्राधिकारी के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत करेंगे। संबंधित दुकान आवंटन अधिकारी उक्त प्रकरणों में विधिवत सुनवाई कर यथासंभव 3 माह के भीतर अंतिम आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

## पांच वर्षीय बालिका से बलात्कार करने के दोषी को 20 साल का कारावास

### गोटेगांव थाना क्षेत्र के मामले में न्यायालय ने सुनाया निर्णय

**गोटेगांव।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरसिंहपुर ज्योति मिश्रा के न्यायालय ने गोटेगांव थाना क्षेत्र के मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें पांच वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार के मामले में आरोपी राजाराम पिता रामदीप भारिया 34 वर्ष निवासी थाना क्षेत्र गोटेगांव को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण गंभीर एवं जघन्य प्रकृति का होने से प्रकरण को चिन्हित प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया था।मामला यह है कि बीती 31 जनवरी को पीड़िता की मां ने गोटेगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 31 जनवरी की दोपहर वह खाना बना रही थी। लड़का स्कूल गया था, पति खेत पर गए थे, बेटी खेल रही थी। तब आरोपी राजाराम ने बेटी को मोबाइल देखने के लिए बुलाया था। करीब आधा घंटे बाद वह रोते रोते घर आई तो उसके पूछने पर बेटी ने अपने साथ हुए घटनाक्रम को बताया। जब वह बेटी को लेकर आरोपी की टपरिया गई तो वह वहां से भाग गया था। शाम को पति के घर लौटने के बाद तो उनसे घटना की जानकारी दी और रिपोर्ट करने थाना आई। प्रकरण की विवेचना एसआई जयवती कुढोपे ने की। प्रकरण में शासन की ओर से प्रभारी उप संचालक अभियोजन रामकुमार पटेल एवं विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार राय ने पैरवी की। वरिष्ठ एडीपीओ हेमंत कुमार पांडे ने पैरवी में सहयोग किया। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया, मौखिक तर्क प्रस्तुत किए गए। जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा उक्त दंडादेश पारित किया गया।

## मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलायी गयी बिजली बिल को लेकर मुख्यमंत्री समाधान योजना हुई कारगर

### युद्ध स्तर पर हो रहा है पुराने बिजली बिलों का भुगतान कर उठा रहे किसान योजना का लाभ




मध्यप्रदेश के मुख्यमत्री द्वारा ऐसे विद्युत उपभोगता जिनके बिल बाद गये थे उन्हें राहत देने के लिए मुख्यमंत्री समाधान योजना चालू की गयी जिसके अंतर्गत तीन माह से अधिक जमा ना करने वाले उपभोगता के अधिभर में सैट प्रतिशत की छुट दी जा रही जिसका फायदा लिकर उपभोगता अपना बिल जमा कर योजना का लाभ ले एहे हैं गोटेगांव उपसंभाग अंतर्गत (करकबेल ) बरहेटा श्रीनगर गुंदरई ) आज दिनक तक 504 बिजली उपभोगताओं के द्वारा अठारह लाख 1800000 रूपये जमा कर लगभग 3 लाख रुपये की समाधान योजना में छुट प्राप्त की। गोटेगांव उपसंभाग अंतर्गत कुल 34909 उपभोगता इस योजना हेतु पात्र पाए गये हैं सभी उपभोगताओं से अनुरोध है की योजना का लाभ लें एवं अपने विद्युत बिल का भुगतान करें। गोटेगांव उपसंभाग के द्वारन करकबेल श्रीनगर गुंदरई बारहटा ठेमी झामर धमना के समस्त उपभोगताओं को उपसंभाग प्रशासन के द्वारा शासन के द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री समाधान योजना का सुचारु रूप से किशानो को जानकारी पोहोचा कर कृषको के बीच योजना की साडी जानकारी देकर उनको जागरूक किया इस योजना से समस्त कृषक गण अपने बिजली के पुराने बिलों को जमा कर शासन की योजना का लाभ ले कर शासन के प्रति धन्यवाद् पप्रेशित करते हैं।

### छूट प्राप्त कर्ता कथन

**भगवन सिंह लोधी निवासी झामर**

कथन मुझे मुख्वामात्री समाधान योजना से लाभ मिला मेरा 500000 रूपये का 5 साल पुराना बिल जमा हुआ जिसमे मुझे 100000 रुपये की छुट मिली मैं इस योजना भिभाग एवं मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री जी का आभारी हूँ ।

**मुन्ना लाल लोधी, निवासी गुंदरई**

## एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिरंगा ध्वज के साथ मार्च पास्ट रैली



**गोटेगांव।** एनसीसी स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिरंगा ध्वज के साथ मार्च पास्ट रैली का आयोजन वन एम पी बटालियन जबलपुर के कर्नल समीर बोडस के दिशा निर्देशन में विद्यालय प्राचार्य शिव शंकर पाठक एवं एनसीसी ऑफिसर सुधीर राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुई जिसमें एनसीसी कैडेट आर्यन सर्वेश आयुषी वैष्णवी आदि कैडेट द्वारा देशभक्ति गीत एवं नारे लगाते हुए नगर के मुख्य मार्ग से रैली का सफल संचालन किया गया। भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर सबसे बड़ा संगठन है, जिसमें लगभग 15 लाख एनसीसी कैडेट हैं। कैडेट समाज में फैली हुई विभिन्न बुराइयों को दूर करने के लिए न सिर्फ जन जागरण अभियान चलाते हैं अपितु रैलियों का आयोजन भी करते हैं। अच्छा नागरिक बनने के लिए जीवन में एकता और अनुशासन अपनाना चाहिए। एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास है। बाल शिक्षा समिति द्वारा एनसीसी कैडेट्स की सराहना की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर विद्यार्थी परिषद द्वारा परीक्षा आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में उनके जीवन से जुड़े विषयों पर सामान्य ज्ञान को लेकर देश की सबसे बड़ी छात्र हितों को लेकर काम करने वाले संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई जिसमें तेंदूखेड़ा तहसील के तीन विद्यालयों से लगभग 350 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूखेड़ा में उपस्थित हुए । परीक्षा के पूर्व मंच पर विराजित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया । स्वयंसेवकों के द्वारा परीक्षा में अपना महत्वपूर्ण सहयोग किया गया।